तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जून 2026

13 सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की मांग तेज, ग्रामीणों ...



14 बोरगहन फु शिविर में 1590 आवेदन मिले, 1462 का ...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप

### कबीर जयंती की तैयारी को लेकर समिति की बैठक आज

**गुण्डरदेही।** सदगुरु कबीर साहेब समिति गुण्डरदेही की बैठक 10 जुन बुधवार को साहू सदन भवन गुण्डरदेही मे रखा गया है। जिसमें आगामी कबीर जंयती मनाने के विषय पर चर्चा की जाएगी। समिति के कोषाध्यक्ष केवल राम साहू ने कबीर साहेब समिति के सभी लोगो को बैठक मे शामिल होने अपील की है।

### ग्राम पटेल संघ की मासिक बैठक 12 को

**बालोद।** जिला ग्राम पटेल संघ बालोद की मासिक बैठक 12 जून शुक्रवार को दोपहर 12 बजे स्थान मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित किया गया है। जिसमें छ.ग. प्रदेश के राजस्व ग्राम पटेल एवं ग्राम पटेल पदाधिकारियों की उपस्थित होने जा रहा है, जिसमें ग्राम पटेलो के संगठन के बारे में विषेश चर्चा किया जाएगा, बैठक में बालोद सहित तहसील गुरुर, गुण्डरदेही, डौडी लोहारा, एवं तहसील डौडी, के ग्राम पटेलो कि उपस्थित रहेगी। यह जानकारी संध के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दी।

### कोडेकसा में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोडेकसा में 10 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कोड़ेकसा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम कोडेकसा, गैंजी, जाटादाह, कमकापार, हितापठार, बड़ाजुंगेरा, पीपरखार, चिखली, किल्लेकोड़ा, झरनटोला, सहगांव, खड़बत्तर, सिवनी और बटेरा के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोडेक़सा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा घनश्याम मारकण्डे को नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ पंकज देव और परियोजना अधिकारी सुनील कुमार साहू को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन कल से शुरू

**बालोद।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थाओं में शिक्षा सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया की तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बालोद ने बताया कि जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर पहले चरण में 11 से 24 जून तक एवं द्वितीय चरण में 26 जून से 09 जुलाई तक तथा तृतीय चरण में 11 जुलाई से 22 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु 18 जुलाई 2026 को संस्था में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक बालोद में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिविल, इलेट्रिकल एवं माइनिंग ब्रांच हेतु 60–60 सीटें उलपब्ध है। प्रवेश हेतु इच्छुकअभ्यर्थी वेबसाईट में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

**समस्या :** मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति का आरोप

# तीन साल में ही जर्जर होने लगा झलमला-जामगांव पुल, एप्रोच रोड धंसने से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







- सरिया दिखने से निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल
- ग्रामीणों ने खुद किए सुरक्षा के इंतजाम

ग्राम झलमला से जामगांव के मध्य आरडी 4275 एम में बने पुल का रिंग कोट उपर से टूटने लगा है। रिंग कोट टूटने से उसके राड दिखाई देने लगे है। पुल का एप्रोच रोड़ भी धंस गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम झलमल में जामगांव के मध्य आरडी 4275 मीटर में 345.82 लाख की लागत से 60.70 मीटर लंबा पुल बनाया गया है। रिंग कोट प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्य जनवरी 2023 को खत्म हुआ है, पुल को बने तीन साल ही हुए है और पुल के उपर का रिंग कोट टूटने लगा है।

पुल के उपर का रिंग कोट टूटने से पुल में लगा राड़ भी स्पष्ट दिखने लगा है। पुल की उपरी परत उखड़ने के साथ ही विभाग का भ्रष्टाचार भी खुलकर सामने आ गया है। राड देखने से प्रतीत होता है कि पुल की रिंग कोट की ढ़लाई के समय बांधी गई जाली में दो राड के मध्य निर्धारित मापदण्ड से अधिक दूरी में बांधा गया है। इस पुल की सबसे बड़ी समस्या पुल के एप्रोच रोड़ के दबने से खड़ी हो गई है। एप्रोच रोड़ दबने से पुल एवं सड़क के मध्य बड़ा अंतर आ गया है जिससे वाहन चालको को परेशानी हो रही है एवं यह स्थिति दुर्घटना को कारण बन रही है।

ग्रामीणो ने बताया सड़क के मध्य में गड्ढा को भरने के बाद भी अंतर अधिक होने से वाहन चालक सड़क के किनारे से वाहन निकालने का प्रयास कर रहे थे, जिससे कई बार दुर्घटना हो चुकी है। कई मामलो में वाहन चालक सड़क किनारे गड्ढे में भी जा गिरा था। इस स्थिति को देखते हुए ग्रामीणो ने वाहन चालको की सुरक्षा के लिए सड़क के किनारे में रेत का ढेर एवं झाड़ियां डालकर वाहन चालको को गड्ढे में गिरने से बचाने का जुगाड़ लगाया है। ग्रामीणो ने बताया कि जब मरम्मत कार्य किया जा रहा था तब हमने कई बार कहा कि इसे एप्रोच रोड़ में मानक के अनुरूप लंबा ले, लेकिन ठेकेदार के लोगो ने नही सुना। मरम्मत के बाद वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि वाहन चालको को पुल में चढ़ने के पहले तेज झटके लगते है एवं वाहन को भी धक्का लगता है। दावा किया जा रहा है कि लापरवाहीपूर्वक किए गए इस मरम्मत में दो पहिया वाहन चालक के साकअप भी टूट चुके है।

एसडीओपी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क गणेश राव पवार ने कहा कार्य अभी गारंटी अवधि मे है। ठेकेदार को बोलकर मरम्मत कार्य शीघ्र कराएंगे।

### मरम्मत के नाम पर विभाग ने की लीपापोती

ऐसा नही है कि सड़क के दबने की जानकारी विभाग को नही है। विभाग को जानकारी होने के बाद विभाग ने ठेकेदार को सड़क मरम्मत करने कहा था, लेकिन ठेकेदार ने मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दी। सड़क व पुल के मध्य बने अंतर को गिट्टी सीमेंट से भरा, लेकिन निर्धारित मापदण्ड से नही भरा, जिससे ठेकेदार का यह कार्य वाहन चालको के लिए खतरनाक हो गया है।

## कन्या हाई स्कूल के पास शराब दुकान से बढ़ी चिंता, छात्राओं की सुरक्षा पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- खाली बोतलों और कचरे से पटा रहता है विद्यालय परिसर
- हुड़दंग और गाली–गलौज से बनता है भय का माहौल

शासकीय कन्या हाई स्कूल करहीभदर की छात्रओ को इस साल भी शराबियो की हरकतो, शराब की खाली बोतलो एवं शराबियो के मध्य होने वाले विवाद व गाली गलौज का सामना करना पड़ेगा। अब तो वहां चखना दुकान भी खुल गया है।

ग्राम करहीभदर में बीते साल कम्पोजिट शराब दुकान खोली गई। यह शराब दुकान ग्राम के कन्या हाई स्कूल से महज लगभग 50 मीटर के फासले पर ही खोल दिया गया है। हाई स्कूल से शराब दुकान कम दूरी पर होने से स्कूल से शराब दुकान में होने वाली गतिविधियां आसानी से दिखती है। यह स्थिति स्कूल में चारदीवारी नही होने से बन रही है। विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीण लगातार स्कूल में चारदीवारी निर्माण की मांग कर रहे है। स्कूल अवधि के बाद शाम को स्कूल का मैदान व प्रांगण शराबियो का पसंदीदा अड्डा बन जाता है, चूंकि शाम होने के बाद स्कूल क्षेत्र में लगभग वीरानी आ जाती है। इसी का लाभ शराबी उठाते है। शराब पीने के बाद शराबी शराब की खाली शीशी को वही छोड़ देते है। कई तो कांच की शीशियो को फोड़ भी देते है। शराब के साथ खाद्य सामग्री की गंदगी व प्लास्टिक व अन्य सामग्री भी शराबी स्कूल प्रांगण में छोड़ देते है, जिससे स्कूल खुलने के बाद स्कूल की छात्रओ को परेशानियां बढ़ाने वाला साबित होगा। वहां चखना दुकान खुलने से स्थिति और अधिक विकट हो सकती है। ▶▶|शेष पेज 12 पर

## डॉक्टर और दवाइयों की कमी को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

- दो साल से विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं, मरीज हो रहे परेशान
- एक सप्ताह में व्यवस्था सुधारने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

30 सैया युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा में ब्लॉक कमेटी द्वारा नगर अर्जुंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी और दवाइयां की कमी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम से अस्पताल में वरिष्ठ अधिकारी नहीं होने से वरिष्ठ स्टाफ नर्स पुष्पलता लोन्हारे को ज्ञापन सौंपे तथा एक सप्ताह के अंदर इसकी व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालोद से फोन के माध्यम से बात किये। इसके साथ ही व्यवस्था नहीं होने पर उग्र आंदोलन व तालाबंदी की चेतावनी दी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवन बंदे ने कहा कि आज भाजपा की केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश में ढाई साल में ही लड़खड़ाने लगी है। उनके कार्य गतिविधियों में कई क्षेत्रें में कमियां नजर आने लगी है, आज आम जनता के लिए किसी भी प्रकार की सुविधाओं को व्यवस्थित नहीं कर पा रहे हैं, आज अगर इंसान को जीना है तो उनके पास स्वयं का पैसा होना जरूरी है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में जारी किया गया सभी योजनाएं फेल होते नजर आ रहा है। इसका सीधा उदाहरण अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां आज लगभग 2 वर्षों से कोई वरिष्ठ डॉक्टर नहीं है, इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब छोटी–छोटी दवाइयां सरकार उपलब्ध नहीं कारा पा रही हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है की सरकार आम जनता के हित में कोई कार्य नहीं करना चाहते आम जनता को मरने पर मजबूर कर रहे हैं।

30 सैया युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा जो पहले डॉक्टर की कमी से जूझ रहा था अब वह अस्पताल में दवाइयां की कमी से जूझ रहा है। उन्होने आरोप लगाया कि अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां पर लगभग 2 साल से वरिष्ठ डॉक्टर नहीं होने के कारण समस्त क्षेत्र वासियों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके अंतर्गत लगभग 10 गांव आते हैं, किंतु डॉक्टर नहीं होने के कारण उन लोगों को इधर–उधर भटकना पड़ रहा है, गरीब परिवार के लोग डीएनएस, मेट्रोजिल, एनएस, टीटी इंजेक्शन एवं अन्य दवाइयां को दुकान से लेकर अस्पताल में लगाने को मजबूर।

स्थिति ऐसे निर्मित हो गई हैं की अपना जीवन बचाने के लिए गरीब परिवार बाजार से यह दवाइयां लेकर अस्पताल में अपना इलाज करने के लिए मजबूर हो गए हैं। कांग्रेस ने दावा किया कि अस्पताल में पहुंचे मितानिन बहनों से बात करने पर उन्होंने बताया ▶▶|शेष पेज 12 पर

## डौण्डीलोहारा पुलिस ने भटकी बालिका को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



- पुलिस की तत्परता की सराहना

थाना डौण्डीलोहारा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक भटकी हुई 12 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया। पुलिस की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जून को डायल 112 पुलिस वाहन को सूचना मिली कि ग्राम संबलपुर में एक 12 वर्षीय बालिका डरी-सहमी अवस्था में सड़क किनारे खड़ी है। सूचना मिलते ही डायल 112 में पदस्थ आरक्षक कुलदीप खुंटे मौके पर पहुंचे और बालिका को अपने संरक्षण में लेकर थाना डौण्डीलोहारा लाए। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि वह ग्राम बड़गांव की रहने वाली है और खेलते-खेलते रास्ता भटककर संबलपुर पहुंच गई थी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल उसके परिजनों से संपर्क किया और उन्हें थाने बुलाकर बालिका को सकुशल सुपुर्द कर दिया।बालिका के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। वहीं क्षेत्रवासियों ने भी डौण्डीलोहारा पुलिस की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## पिकनिक पर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जगतरा एफसीआई गोदाम मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गिरी बाइक

बाईक के माध्यम से अपने दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने जा रहा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसमें बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई व बाईक में सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गोविंदा के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरौद निवासी गोविंदा कुंभकार 20 वर्ष अपने दोस्तो के साथ बाईक के माध्यम से पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। सभी युवक अलग–अलग बाइक से पानी का केन और भोजन लेकर निकले थे। झलमला, पड़कीभाट और लाटाबोड़ के साथी आगे निकल गए थे तथा गोविंदा की बाईक अपने दोस्तो से पीछे थी, इसी दौरान जगतरा एफसीआई गोदाम मोड़ के पास गोविंदा की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। उसके साथ झलमला निवासी एक युवक भी घायल हुआ। दोनों घायलों को पहले अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से शुरुआती इलाज के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया। रायपुर में इलाज के दौरान गोविंदा कुंभकार ने दम तोड़ दिया। जहां युवक के शव को गृहग्राम अरौद लाकर अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व में युवक के पिता की भी सड़क हादसे में ही मौत हुई थी।

लोहारटोला के किसान ने अपनाई आधुनिक तकनीक, बढ़ी आय

## आधुनिक खेती से बदली किसान गणेश कचलामे की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कृषक उन्नति योजना से मिली नई आर्थिक मजबूती
- बढ़ी आमदनी से किसान ने करवाया बोरवेल, खरीदी ई–स्कूटी

जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम लोहारटोला के प्रगतिशील किसान गणेश कचलामे ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और शासन की योजनाओं के मेल से कृषि को एक बेहद मुनाफेदार व्यवसाय में बदला जा सकता है।

परंपरागत खेती के तरीकों से आगे बढ़ते हुए कचलामे ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपने कृषक जीवन का हिस्सा बनाया है, जिससे न केवल उनके खेत लहलहा उठे हैं, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी अभूतपूर्व सुधार हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में गणेश कचलामे ने अपने खेतों में पारंपरिक खादों की जगह नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग करना शुरू किया। नैनो उर्वरकों के छिड़काव के बाद उन्होंने पाया कि धान की फसल की सेहत में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। फसल पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई और उत्पादन में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। अपनी इस सफलता से उत्साहित होकर कचलामे ने जिले के अन्य किसान भाइयों से भी अपील की है कि वे लहलहाती फसल और बेहतर उत्पादन के लिए नैनो उर्वरकों को जरूर अपनाएं, क्योंकि यह न केवल असरदार है बल्कि भविष्य की खेती के लिए बेहद जरूरी भी है।

कचलामे का मानना है कि शासन की किसान–हितैषी योजनाओं ने उनके जीवन को एक नई आर्थिक संबलता प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना के तहत धान का बेहतरीन मूल्य मिलने से उन्हें सीधा आर्थिक लाभ पहुंचा। धान बेचकर जो मुनाफा प्राप्त हुआ, उसे उन्होंने व्यर्थ खर्च करने के बजाय अपनी खेती के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में लगाया। अपनी बढ़ी हुई आय का सदुपयोग करते हुए गणेश ने दो महत्वपूर्ण कार्य किए, जो उनकी दूरदशएँ सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने कृषि कार्य को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने और पानी की निर्भरता को खत्म करने के लिए उन्होंने अपने खेत में बोरवेल का खनन कराया। इससे अब वे मौसम की अनिश्चितता से बचकर पूरे वर्ष बेहतर खेती कर सकेंगे। उन्होंने खेत तक आने–जाने और घरेलू कार्यों को सुगमता से निपटाने के लिए एक इलेट्रिक स्कूटी खरीदी है। यह कदम न केवल उनके समय की बचत कर रहा है, बल्कि पेट्रोल के बढ़ते खर्चों को कम कर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा है।

अपनी इस सफलता और जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से गणेश कचलामे बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने अपनी इस तरक्की का श्रेय राज्य शासन की कल्याणकारी नीतियों को देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। गणेश कचलामे केवल लोहारटोला के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बालोद जिले और राज्य के उन सभी किसानों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं, जो आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को संवारना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई 18 जून को

दुर्ग। महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आगामी 18 जून को दुर्ग जिले में एक वृहद जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यह जनसुनवाई 18 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से बाल गृह परिसर, पांच बिल्डिंग स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, दुर्ग के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस सुनवाई पीठ (न्यायपीठ) की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण ओजस्वी मण्डावी व सुश्री दीपिका शोरी द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिसमें महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 प्रकरणों परसुनवाई कर उनका मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

### रोजगार मेला 17 को

दुर्ग। जिला रोजगार केंद्र और कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 17 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का आयोजन खम्हरिया, भिलाई स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक से मिली जानकारी के अनुसार, इस रोजगार मेले में कुल 10 नियोजकों की ओर से तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रेणी में भर्ती ली जाएगी।

### उरला और बघेरा में प्रस्तावित अंडर ब्रिज अधर में, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

दुर्ग। शहर के पटरी पार क्षेत्र की लगातार आबादी बढ़ रही है। आसपास के गांव भी नगर निगम में शामिल हो रहे हैं। इससे आवागमन की समस्या विकट रुप धारण कर रही है। कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने स्थल में पर जाकर जायजा लिया, लोगों की परेशानियों से अवगत हुए। इस दौरान लोगों ने कहा-कि हर दस से 15 मिनट में रेलवे फाटक बंद होने से इस भीषण गर्मी, बारिश के समय फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वाहनों की लंबी कतार में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं परेशान होती हैं। इन रेलवे क्रासिंग के कारण चौबीसों घंटे पटरी पार क्षेत्र में चक्का जाम की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों की मांग पर रेलवे ने उरला और बघेरा रेलवे क्रासिंग को बंद कर वहां अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बनाने का फैसला किया था। जिसका एक-डेढ़ साल पहले वर्चुअल शिलान्यास भी किया गया था। इसके बाद प्रस्तावित स्थल के पास साफ-सफाई का काम शुरू भी हुआ और गढ्ढे भरने की शुरुआत की गई लेकिन फिर यह काम बंद हो गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार जंघेल, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, अनिल देवांगन, मनीष यादव, सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे। इसे लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा के नेता और जनप्रतिनिधि श्रेय की राजनीतिक कर रहे हैं। शहर विकास में उनका कोई योगदान नहीं है। साइंस कॉलेज का ऑडिटोरियम पिछले 10 साल में नहीं बन पाया।

### ठेकेदार ने अधूरी छोड़ी पाइपलाइन, सोलर सिस्टम भी ठप

# लापरवाहीः सनौद और नवागांव में लाखों फूंकने के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे 1500 ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/गुण्डरदेही

पीएचई विभाग की कार्यशैली ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सनौद व उसके आश्रित ग्राम नवागांव के पद्रह सौ की आबादी के लिए पेयजल संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ा खर्च के बाद भी प्रधानमंत्री का हर घर पानी योजना धरातल पर सफल नही हो पा रहा है। अन्य योजना से पेयजल के लिए की गई व्यवस्था भी वर्षों से बंद पड़ी है।

- कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड भी नही
- मजबूती पर संदेह, टेस्टिंग करने से डर रहे

ग्राम पंचायत सनौद के आश्रित ग्राम नवागांव में तो ठेकेदार ने टंकी ही नही बनाई थी एवं पाईप लाईन भी अधुरा किया था। जिससे घरो में पानी नही पहुंच रहा है। नवागांव में ही सोलर पैनल से जल दोहन एवं प्लास्टिक टंकी से जल आपूर्ति की व्यवस्था की गई थी। यह व्यवस्था किस विभाग से की गई यह ग्रामीण नही बता सके लेकिन माना जा रहा है कि इसे भी पीएचई विभाग ने ही बनाया होगा।

यह सोलर पैनल युक्त जल आपूर्ति व्यवस्था भी ग्राम में दम तोड़ चुकी हैं न सोलर पैनल काम कर रहा है न पानी भूमि से निकल रहा है अर्थात कई व्यवस्था करने के बाद भी प्रशासन नवागांव के ग्रामीणो को शुद्व पेयजल घर घर तक पहुंचाने में नाकाम रहा। ग्राम पंचायत मुख्यालय सनौद की स्थिति तो और भी दुखदाई है, यहां पीएचई विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत टंकी तो बनाई है लेकिन कभी टंकी की टेस्टिग नही की गई है। ग्रामीणो ने बताया कि टंकी में पतला राड डाला गया था एवं ठीक से पानी की तराई नही की गई थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि ठेकेदार के लोगों पीएचई विभाग के लोगों को भी टंकी की मजबूती पर संदेह हो रहा होगा। इसलिए कोई भी टंकी की टेस्टिग करने की हिम्मत नही कर सका। बहरहाल टंकी के मजबूती की स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

ग्रामीणो ने बताया कि ग्रामीण सनौद में पाईप लाईन अधुरा है। घरो में कनेक्शन नही हुआ है। कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नही हैं।

सरपंच हिलेश्वर पटेल ने कहा ग्राम पंचायत के दोनों ग्रामो में पेयजल संकट है। ग्राम पंचायत के दोनो ग्रामो में पेयजल की व्यवस्था पंचायत द्वारा की जा रही है। नवागांव में टंकी नही बनी है। नवागांव में सोलर पैनल युक्त प्लास्टिक टंकी लगाई गई थी। जो दो साल से बंद है। सनौद में टंकी बनी है, लेकिन टेस्टिंग नही की गई, पाईप लाईन अधुरा है। घरो में कनेक्शन पूरा नही हुआ हैं।

**घटिया निर्माण का आरोपः ग्रामीणों के मुताबिक, टंकी के निर्माण में बेहद पतली लोहे की छड़ों का इस्तेमाल किया**



# इजराइल में नौकरी का सुनहरा अवसर, 3500 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूजःबालोद

छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं के लिए विदेश (इजराइल) में रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र बालोद के उप संचालक ने बताया कि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अंतर्गत भारत–इजराइल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के तहत 'होम बेस्ड केयर गिवर' के कुल 03 हजार 500 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए उम्मीदवारों को प्रतिमाह लगभग 02 लाख रुपये वेतन दिया जाएगा। यह अनुबंध शुरुआती 02 वर्षों के लिए होगा, जिसे आवश्यकतानुसार आगे बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि भतएँ के लिए आवेदक की आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। उम्मीदवार का न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना तथा इंटरमीडिएट स्तर पर अंग्रेजी विषय का अध्ययन किया होना अनिवार्य है। साथ ही कम से कम 03 वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट होना चाहिए। अभ्यथएँ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। अभ्यर्थी की लंबाई 1.5 मीटर से अधिक तथा वजन 45 किलोग्राम से अधिक होना आवश्यक है। पूर्व में इजराइल में कार्य कर चुके व्यक्ति इस भतएँ के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय नियामक प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त संस्थान से 990 घंटे की ऑन–द–जॉब ट्रेनिंग सहित केयर गिविंग प्रमाणपत्र अनिवार्य है।

इसके अलावा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, फिजियोथेरेपी अथवा नर्स असिस्टेंट की योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। सेवा प्रदान करने वाले आवेदकों को नियोजक द्वारा आवास एवं भोजन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक का सप्ताह में 06 दिन कार्य दिवस रहेगा। इसके अलावा आवास एवं भोजन सुविधा, चिकित्सा बीमा, 09 दिनों का राष्ट्रीय अवकाश तथा 16 दिनों की वार्षिक अवकाश भी दी जाएगी। इच्छुक अर्हताधारी आवेदक अपना पंजीयन पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जारी लिंक पर करना सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते है। उन्होंने भतएँ के संबंध में दलालों से विशेष सावधान रहने को कहा है।

### रसोई गैस के बढ़ते दाम से बढ़ी महंगाई

दुर्ग। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम की वजह से महंगाई बढ़ते जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामंत्री राहुल शर्मा ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार काबिज है, तब से देश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। ईंध के दाम बढ़ने की वजह से महंगाई चरम सीमा तक पहुंच गई है। युवकों को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। महिलाएं सुरक्षा मांग रही हैं। राहुल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार महंगाई से जनता त्रस्त है। पिछले 15 दिनों में कई बार पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ाए गए हैं। महंगाई को कम करने की दिशा में तत्काल उपाय किए जाएं। अन्यथा कांग्रेस को पूरे देश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# जुआ अड्डे पर दबिश, 15 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जुआ के अड्डे में पुलिस की दबिश देकर 15 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंकी रिजॉर्ट गोकुलधाम के पीछे जुआ खेलने की सूचना मिली थी। पुलगांव पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। जिसमें डिपरापारा दुर्ग निवासी सोनू चौहान, कसारीडीह फिरोज खोखर, तकियापारा अजीम अहमद,शब्बीर खान,मोहम्मद जावेद,तमेरपारा मोहम्मद जुनैद,विवेकानंद नगर, बोरसी पारस चंद्राकर, गंजपारा मोहम्मद जमील, केलाबाड़ी एकांत साहू, जमील खान, कसारीडीह शिवा साहू, मृत्युंजय चंद्राकर, लुचकीपारा साहिद,चंद्रपाल यादव, केलाबाड़ी प्रकाश देवांगन जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगद 1.82 लाख दो हजार रुपए, ताश पत्ती, 12 बाइक, 17 मोबाइल, की पेड फोन भी बरामद किया है। कुल सामानों की कीमत 4.34 लाख रुपए का है।

- पुलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



# स्कूल के सामने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, पार्षद ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के सामने शासकीय भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण को लेकर पार्षद राजेंद्र निषाद ने कलेक्टर बालोद को शिकायत सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

- अतिक्रमण के कारण प्रभावित हो रहा शैक्षणिक माहौल

शिकायत में कहा गया है कि स्कूल के मुख्य द्वार के सामने सड़क किनारे शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा होटल, गन्ना रस, कपड़ा, चाउमीन, चाट एवं पान ठेलों का संचालन किया जा रहा है। इससे विद्यालय के सामने भीड़भाड़ बढ़ रही है तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। पार्षद ने आरोप लगाया है कि कुछ शिक्षकों द्वारा इन अतिक्रमणकारियों को संरक्षण एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिसके कारण शासकीय भूमि पर कब्जा बना हुआ है। शिकायत में कहा गया है कि विद्यालय के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री जन चौपाल, जिला शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी प्रेषित की गई है।



# 38 उर्वरक निरीक्षकों ने जाना दानेदार रासायनिक और नैनों उर्वरक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा संभाग के नवीन उर्वरक निरीक्षकों का दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा में आयोजित किया गया। सहायक संचालक कृषि कार्यालय संयुक्त संचालक कृषि संभाग दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस विशेष प्रशिक्षण में उपस्थित संभाग के 38 उर्वरक निरीक्षकों को गोपिका गबेल, संभागीय संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया। उनके कार्यालय के सहायक संचालक कृषि संजय कुमार डहरिया एवं हेमन्त कुमार बघेल द्वारा उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण करने और नमूना लेने की विधि के संबंध में विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। अग्रणी उर्वरक कंपनी ईफको, कृषकों एवं आईपीएल के राज्य एवं संभाग के विपणन अधिकारी द्वारा उर्वरकों की आपूर्ति की प्रक्रिया, कृषकों को उर्वरक पर देय अनुदान तथा दानेदार रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो उर्वरकों के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया।

# सेक्टर-7 में फैला पीलिया, सर्वे के बाद मिले दो मरीज, पुराने तीन स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेक्टर-7 स्थित स्ट्रीट नंबर 40, 41, 42 और 43 में संभावित पीलिया मरीजों की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। घर-घर सर्वे के दौरान तीन पीलिया मरीज मिले, जो अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल सुपेला की टीम, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। 8 जून को संयुक्त टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण में कोई नया सक्रिय मरीज नहीं मिला। डॉ. मनोज दानी ने बताया कि पीलिया दूषित पानी और भोजन के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जो विषाणु संक्रमण के कारण होता है। संक्रमण के 15 से 50 दिनों के भीतर इसके लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

#### पीलिया के प्रमुख लक्षण

पीलिया के प्रमुख लक्षणों में भूख कम लगना, पेशाब का रंग पीला होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी या मतली, सिरदर्द, कमजोरी और थकान, पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना शामिल हैं।

#### स्वास्थ्य विभाग की सलाह

लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। पीने के पानी को कम से कम 20 मिनट उबालकर इस्तेमाल करें। 20 लीटर पानी में एक क्लोरीन टैबलेट मिलाकर 30 मिनट बाद उपयोग करें।

## पेज 11 के शेष

### कन्या हाई स्कूल के पास ...

चारदीवारी नही होने से पूर्व में शराब दुकान मे होने वाले हुडदंग, विवाद व गाली गलौज की आवाजे भी कई बार स्कूल प्रांगण में सुने गए है। जिससे छात्रे को परेशानी के साथ उनमें भय का वातावरण भी निर्मित हो जाता है। ग्राम पंचायत करहीभदर सरपंच बसंत तारम ने कहा कन्या हाई स्कूल में चार दीवारी निर्माण के लिए ग्राम सुराज में आवेदन दिए थे। वही पूर्व में भी कई बार शासन प्रशासन को आवेदन सौपकर चारदीवारी निर्माण कराने की मांग कर चुके है।

### डॉक्टर और दवाइयों ....

कि हम लोगों के पास भी कई दवाई उपलब्ध नहीं है। प्रति वर्ष हम लोगों के पास जो आवंटन आता था वह भी नहीं आ रहा है, जिसके चलते हम लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, आम जनता भी हमको बार–बार पूछने लगे है की दवाई कब आएगी अभी मौसम विपरीत है जिसके चलते लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और दवाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण हम उन लोगों को सहयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान अध्यक्ष जीवन बंदे और नगर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र पारख के साथ सागर साहू, विनय साहू वामन साहू, तुलेश प्रसाद शर्मा, कोजम दास टंडन पार्षद नगर अर्जुंदा, जनक साहू उपस्थित थे।

# ओबीसी जनगणना, 27% आरक्षण और केंद्रीय सूची में वंचित जातियों को शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम के नेतृत्व में महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति को दो अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ओबीसी समाज के संवैधानिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई।

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

महासभा ने मांग की कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की अलग से गणना कर उसकी वास्तविक जनसंख्या सार्वजनिक की जाए। साथ ही ओबीसी वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण एवं भागीदारी प्रदान करने, छत्तीसगढ़ में लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू करने तथा आरक्षण से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन में ओबीसी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के समान लाभ देने, बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाने, ओबीसी समाज के लिए पृथक सुरक्षा कानून बनाने तथा उनके विकास के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई। महासभा ने एक अन्य ज्ञापन में छत्तीसगढ़ राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल लेकिन केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं होने वाली कई जातियों एवं उपजातियों को केंद्रीय सूची में शामिल करने की मांग की। इनमें बरगाही, बरगाह, रावत-राऊत, महाकुल, महकुल, गहिरा, ग्वारा, गवारी, परघनियां (गयार), गयार, शौण्डिक, सूण्डी, सूडी, सोढी, हलवाई सहित अन्य संबंधित उपजातियां शामिल हैं। महासभा का कहना है कि केंद्रीय सूची में नाम शामिल नहीं होने के कारण इन समुदायों को केंद्र सरकार की नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता। इससे हजारों परिवार सामाजिक एवं आर्थिक अवसरों से वंचित रह जाते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एवं केंद्र सरकार से ज्ञापन में उल्लिखित मांगों पर सकारात्मक एवं त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंदू देवांगन, प्रदेश सचिव भूपेंद्र साहू, रायपुर संभाग अध्यक्ष हेमंत साहू, दुर्ग जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, रायपुर संभाग महासचिव लाल बहादुर यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बरखा गुप्ता, भागीरथी साहू, विनय यादव, प्रेमप्रकाश सहित ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## कार सवार से रकम की डिमांड, चार गिरफ्तार

**भिलाई।** कार सवार को जबरन रोक कर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पदमनाभपुर पुलिस ने प्रफुल्ल सक्सेना, आनंद सक्सेना के साथ कार सीजी 07 सीके 9472 से डी-मार्ट पोटिया रोड, दुर्ग की ओर जा रहा था। हटरी बाजार बोरसी स्थित शनि देव मंदिर के पास पहुंचते ही शिवपारा बोरसी निवासी गणेश्वर निषाद, महेश्वर निषाद,शिवपारा गुलशन सोनवानी,विवेक सोनवानी ने कार को रोक दिया। इस दौरान युवकों ने पीड़ित को शराब पीने के लिए रकम का डिमांड किया। रकम नहीं मिलने पर उनके साथ गाली गलौत कर मारपीट किया। पुलिस में शिकायत के बाद चारों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## अवैध शराब के साथ दस गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले दस युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उतई, जामगांव आर, छावनी, नगपुरा, जेवरा सिरसा, सुपेला, धमधा, नेवई में अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। टीम ने दबिश देकर ग्राम गोल पेण्ड्री, उतई निवासी चेलाराम देशलहरे, ग्राम तिलोदा रनचिरई बिरजूराम ठाकुर,दुकालूराम बघेल,गुढ़ियारी, जामगांव आर . मुकेश कुमार साह उर्फ फुरूरी, कसाई मोहल्ला, छावनी शेख सत्तार, खुर्सीडीह, नगपुरा शिव पारधी, बोड़ेगांव, जेवरा सिरसा संतोष ठाकुर,फरीद नगर चन्द्रशेखर मरकाम, परकोल, धमधा यशवंती भारती, नेवई सोहन माण्डले को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस ने 310 पौवा से अधिक अवैध देशी शराब नगदी रकम, दो बाइक बरामद की गई है। जप्त शराब, नगदी, वाहनों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

# असम राइफल्स के जवान भोजराम को मिला शौर्य चक्र, कलेक्टर ने जिले के इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

जिले के डौंडी विकासखंड के ग्राम ढोरऍठेमा निवासी और असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू को उनके अदम्य वीरता और कर्तव्यपरायणता के लिए देश के प्रतिष्ठित नागरिक सैन्य सम्मान 'शौर्य चक्र' से नवाजा गया है। राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 08 जून को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के वीर जवान भोजराम साहू की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सराहना व्यक्त की है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जवान भोजराम साहू की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें और उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि वीर जवान भोजराम साहू के द्वारा वर्ष 2025 में मणिपुर के टेंगनौपाल क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान मातृभूमि की रक्षा के लिए जो अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया है वह वास्तव में काबिले–तारीफ एवं अत्यंत सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि श्री साहू द्वारा मातृभूमि की रक्षा के लिए एवं कर्तव्य परायणता के अतुलनीय कार्यों के फलस्वरूप उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित शौर्य चक्र से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उसके इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से संपूर्ण बालोद जिला गौरवान्वित हुआ है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि जवान भोजराम ने अपनी बहादुरी से न सिर्फ छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है, बल्कि युवाओं के लिए देशभक्ति और प्रेरणा की एक मिसाल पेश की है।

### राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए असम राइफल्स के जवान भोजराम



### पूरे जिले और छत्तीसगढ़ राज्य में हर्ष का माहौल

उल्लेखनीय है कि असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू को यह सम्मान वर्ष 2025 में मणिपुर के टेंगनौपाल क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में दिखाए गए अदम्य साहस के लिए मिला है। अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर अचानक हमला कर दिया था। ऐसी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भोजराम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़कर मोर्चा संभाला। उन्होंने बेहद नजदीक से आतंकियों पर जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान उन्हें एक गोली भी लगी, लेकिन घायल होने के बावजूद वे पीछे नहीं हटे और अपनी जिम्मेदारी पर डटे रहे। उनके इस अदम्य साहस ने अभियान को सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। बालोद जिले के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के राष्ट्रपति भवन में शौर्य चक्र हासिल करने वाले भोजराम साहू की इस सफलता से पूरे जिले और छत्तीसगढ़ राज्य में हर्ष का माहौल है।



**मांग : बड़गांव-रायपुरा मार्ग के निर्माण की भी उठी मांग**

# सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की मांग तेज, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौण्डीलोहारा

विकासखंड डौण्डीलोहारा के ग्राम बड़गांव एवं आसपास के गांवों के ग्रामीण वर्षों से सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। बड़गांव-संबलपुर मार्ग तथा बड़गांव-रायपुरा पहुंच मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ 6 साल से सड़क का इंतजार कर रहा बड़गांव, 4 .25 करोड़ के बजट के बाद भी नहीं मिली स्वीकृति

जानकारी के अनुसार बड़गांव से संबलपुर मार्ग के निर्माण के लिए राज्य शासन के वर्ष 2024-25 के बजट में लगभग 4.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन अब तक प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे आवेदन में बताया कि बड़गांव, खड़ेनाडीह, पार्टी, देवरी, खरथुली और कुम्हालोरी सहित कई गांवों के लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। वर्तमान में करीब 5 किलोमीटर सड़क कच्ची है, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में आवागमन मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि छह वर्षों से सड़क और उच्च स्तरीय पुल-पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दरबारी नवागांव से बड़गांव होते हुए सीधे संबलपुर तक सड़क निर्माण होने पर हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में लोगों को लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 18 के जनपद पंचायत सदस्य एवं सहकारिता उद्योग विभाग के सभापति डोमेंद्र ज्ञानू राजपूत ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बड़गांव से रायपुरा पहुंच मार्ग के निर्माण की मांग की है।





उन्होंने बताया कि लगभग 2 किलोमीटर लंबा यह मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिससे विद्यार्थियों और किसानों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्होंने मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अथवा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारभूत आवश्यकता है। वर्षों से मांग और आश्वासनों के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा बढ़ रही है। अब क्षेत्रवासियों को शासन से शीघ्र स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

# राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का कुर्मी समाज ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला बालोद ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का अभिनंदन व जोरदार स्वागत किया। कुर्मी भवन बालोद में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में अनेक कार्य करने की जरूरत सांसद लक्ष्मी वर्मा ने बताई। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का बालोद जिले में प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय बालोद स्थित कुमएँ समाज भवन पहुंची थी।

लक्ष्मी वर्मा ने कुर्मी समाज जिला बालोद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में बालोद जिला का कार्य अनुकरणीय व प्रशंसनीय है। मंच पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, कुर्मी समाज बालोद जिला के संरक्षक छगन देशमुख, दिल्लीवारकुर्मी क्षत्रिय समाज प्रदेश महिला अध्यक्ष प्रीती देशमुख युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, कुर्मी समाज जिला बालोद अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई बालोद अध्यक्ष वाय के देशमुख, आशा अमृत, कृष्ण कुमार वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, भुवनेश्वरी चंद्राकर मंचस्थ थे। संचालन राधेश्वरी देशमुख ने किया।



## खबर संक्षेप

### गुलशन कुमार साहू के जन्मदिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, कवि सम्मेलन भी होगा

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के जिलाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभापति गुलशन कुमार साहू द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर 10 जून बुधवार को समुदायिक भवन धमतरी चौक गुण्डरदेही में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। साथ ही अंचल के कवियों द्वारा कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। गुलशन साहू ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने एवं रक्तदान कर मानव सेवा के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

### पांच माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने पर बुजुर्ग परेशान

**अंडा।** अंडा क्षेत्र में वृद्धा पेंशन योजना के हितग्राहियों को पिछले लगभग 5 माह से पेंशन राशि का



भुगतान नहीं होने के कारण बुजुर्ग नागरिकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन पर निर्भर वृद्धजन अपनी दैनिक आवश्यकताओं, दवाइयों एवं अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि वृद्धा पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना में लापरवाही चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से पेंशन का भुगतान नहीं होने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों में शासन एवं प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। वृद्धजन अपने जीवनयापन के लिए इस राशि पर निर्भर रहते हैं, ऐसे में भुगतान में देरी उनके लिए बड़ी समस्या बन गई है। सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सभी पात्र हितग्राहियों की लंबित पेंशन राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भविष्य में पेंशन का नियमित एवं समय पर भुगतान करने की व्यवस्था बनाई जाए, ताकि बुजुर्ग नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षेत्र के वृद्धजनों ने भी जल्द से जल्द पेंशन राशि जारी करने की मांग करते हुए कहा कि समय पर पेंशन मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति को सहारा मिलता है और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सुविधा होती है।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा करेगी विशेष पूजा-अर्चना

**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुण्डरदेही स्थित चंडी मंदिर एवं राम मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना एवं राष्ट्र की समृद्धि, विकास तथा जनकल्याण हेतु प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 10 जून बुधवार सुबह 10 बजे, भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही से मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ठाकुर राम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर तथा गुण्डरदेही विधानसभा के समस्त भाजपा मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

### रसोई गैस के बढ़ते दाम से बढ़ी महंगाई

**दुर्ग।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम की वजह से महंगाई बढ़ते जा रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामों में जनजागरूकता अभियान

## घर-घर पहुंचकर समझाई जा रही कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुप्रीम कोर्ट एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, स्वच्छता के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, हाट–बाजार, बस स्टॉप तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर स्वच्छता संबंधी प्रेरणादायक नारों का लेखन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग श्रेणियों में पृथक कर निर्धारित डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही 'स्वच्छ गांव–स्वस्थ गांव', 'कचरा अलग करें, पर्यावरण सुरक्षित करें', गीला–सूखा कचरा अलग रखें जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।




### जनस्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार आएगा

जनजागरूकता अभियान के दौरान 04 रंग के डस्टबिन की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। हरे रंग के डस्टबिन में गीला एवं जैविक कचरा, नीले रंग के डस्टबिन में सूखा एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरा, लाल रंग के डस्टबिन में सैनिटरी एवं घरेलू चिकित्सा अपशिष्ट तथा पीले रंग के डस्टबिन में विशेष अथवा हानिकारक कचरा संग्रहित करने की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। इससे कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, पुनर्चक्रण एवं सुरक्षित निपटान को बढ़ावा मिलेगा। स्वच्छता दीदियों, महिला स्व–सहायता समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर संपर्क कर लोगों को कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया समझाई जा रही है। साथ ही ग्राम सभाओं, स्कूलों एवं सामुदायिक बैठकों के माध्यम से स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करें तथा निर्धारित डस्टबिन का ही उपयोग करें। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त ग्रामों का निर्माण संभव है। जिससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के सफल क्रियान्वयन से ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा जनस्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार आएगा।

**आयोजन**

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

# बोरगहन शिविर में 1590 आवेदन मिले, 1462 का मौके पर निराकरण

## 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर में रखी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बोरगहन फु में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1590 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1462 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

बोरगहन फु में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नीतेश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल का वितरण किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, बैटरी चलित ट्राय सायकिल, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र एवं खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड का वितरण किया।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने आम नागरिकों को सुशासन तिहार के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा



समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। सुशासन तिहार के दौरान शासन–प्रशासन के लोग आम जनता के बीच पहुँचकर इनके वास्तविक समस्याओं का पड़ताल कर रहे हैं।

इसके अलावा सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर ने ग्राम बोरगहन फु में सुशासन तिहार के अंतर्गत आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के बेहतर आयोजन की सराहना की। उन्होंने आम नागरिकों से शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सुशासन तिहार के उद्देश्यों के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण भी सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर में आज अपने–अपने विभागों से संबंधित कुल आवेदन एवं उनके निराकरण की स्थिति के अलावा आम नागरिकों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि बोरगहन फु में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम चारभाठा, पेण्ड्री, कलंगपुर, बोरगहन फु, बोदल, रजोली, मोखा, परसदा मो, कजराबांधा, बरबसपुर, खपरी ब, कुथरेल, अचौद, भूसरेंगा, सतमरा, चिचबोड़, हल्दी, बेलौदी और सियनमरा ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बोरगहन फु शिविर में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1012 आवेदन, ऊर्जा विभाग के 88 आवेदन, राजस्व विभाग के 66 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग के 69 आवेदन, खाद्य विभाग के 118, समाज कल्याण विभाग के 73, कृषि विभाग के 30 आवेदन सहित विभिन्न विभागों से कुल 1590 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 1462 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# पिनकापार स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति प्रभाराम नायक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने की।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, मंत्री जाग्रत देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंदू भूआर्य, सरपंच रजक तारम, ग्राम पंचायत के पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने विधि-विधान के साथ भूमिपूजन कर निर्माण कार्य के शुभारंभ की घोषणा की। बताया गया कि अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शिक्षा विभाग से स्वीकृत 13.80 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा कक्षाओं के संचालन में भी सुविधा होगी। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से विद्यालय की अधोसंरचना मजबूत होगी और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# महिला कमांडो ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने बांटी शिक्षण सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय प्राथमिक शाला जोगीभाट में महिला कमांडो द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत पुस्तक, कॉपी, पेन के साथ शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु स्वयं सेवी सामाजिक महिला कमाण्डो के माध्यम से बालिका व उनके पालको से संपर्क कर लगातार स्कूल भेजने तथा पढ़ाने के लिए प्ेररित किया जायेगा। साथ ही दान–दाताओं से

- जोगीभाट प्राथमिक शाला में छात्राओं को पुस्तक, कॉपी और पेन वितरित

कापी, पेन, पहाड़ा, कम्पास, स्कूल बैग दान स्वरूप प्राप्त करेगी। प्राप्त सामाग्री को दान–दाता के हाथो से शिक्षक गण की उपस्थिति में सकूल में बालिकाओं को प्रदान किया जायेगा। पठन सामग्री बालिकाओं को प्राप्त होता है तो वह बहुत प्ेररित करने वाला होगा और ग्रामीण जनों की भागीदारी स्कूलों में बनेगी। जिससे शाला का भी विकास होगा और बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। शमशाद बेगम ने बतलाया महिला कमाण्डो लगातार जनकल्याणकारी कार्य कर रही है, इस संबंध में महिला कमाण्डो टीम को समय पूर्व तैयारी करने हेतु प्रेरित कर दिया गया है। कैशिल्या साहू सिंगारपुर बतलाती है कि हम सभी महिला कमाण्डो आपस में मिलकर पेन, कापी, पहाड़ा की व्यवस्था करते हैं फिर गाँव के अन्य लोगों को बोलते हैं क्योंकि शुरूआत स्वयं से करनी है।

# उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 5 जुलाई को

**बालोद।** राज्य के उत्कृष्ठ शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 6वीं में निःशुल्क अध्ययन एवं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई को 2026 को आयोजित किया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत होना तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया होना अनिवार्य है।

ऐसे विद्यार्थी उक्त योजना के तहत आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होगें। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के प्राप्ताकों की मेरिट के आधार पर कक्षा 6वीं के लिये अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आबंटित किए गए राज्य में स्थित उत्कृष्ठ शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के सभी स्त्रेतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही योजनांतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित शालाओं के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्याथएँ इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्याथएँ योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे। शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्याथएँ अपने आवेदन पत्र के साथ कक्षा 4थीं की अंक सूची, जाति प्रमाण–पत्र, पालक का आयकरदाता नहीं होने प्रमाण–पत्र संस्था का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने का प्रमाण–पत्र अपने शाला में 20 जून 2026 तक जमा कर सकते है।

# युगांडा से लौटे तीन यात्री आइसोलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार को युगांडा से आए 3 नए यात्रियों की ट्रेसिंग की गई। तीनों यात्री 7 जून को दुर्ग पहुंचे थे। वर्तमान में कुल 7 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में रखा गया है। विभाग के अनुसार सभी यात्रियों में इबोला संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं और न ही किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने का इतिहास मिला है। एहतियात के तौर पर सभी को 21 दिनों के लिए होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन सुबह और शाम फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इबोला वायरस के प्रमुख लक्षणों में बुखार, उल्टी, पेट दर्द, जोड़ों में दर्द, अत्यधिक थकान, सिरदर्द और गंभीर दस्त शामिल हैं। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क या उसके शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैल सकता है। दुर्ग स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल जिले में इबोला का कोई संक्रमित मरीज नहीं मिला है।

